# देहरादून पब्लिक स्कूल
# अभ्यास कार्य (2023–24)
# विषय– हिन्दी 'बी' (085)
# कक्षा – X

## स्पर्श – गद्य खण्ड

### पाठ–बड़े भाई साहब

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

दैव न करे, आज मैं बीमार हो जाऊँ, तो तुम्हारे हाथ–पाँव फूल जाएँगे। दादा को तार देने के सिवा तुम्हें और कुछ न सूझेगा, लेकिन तुम्हारी जगह दादा हों, तो किसी को तार न दें, न घबराएँ, न बदहवास हो। पहले खुद मरज पहचानकर इलाज करेंगे, उसमें सफल न हुए, तो किसी डॉक्टर को बुलाएँगे। बीमारी तो खैर बड़ी चीज है। हम–तुम तो इतना भी नहीं जानते कि महीने–भर का खर्च महीना–भर कैसे चले। जो कुछ दादा भेजते हैं, उसे हम बीस–बाईस तक खर्च कर डालते हैं और फिर पैसे–पैसे को मुहताज हो जाते हैं। नाश्ता बंद हो जाता है, धोबी और नाई से मुँह चुराने लगते हैं, लेकिन जितना आज हम और तुम खर्च कर रहे हैं, उसके आधे में दादा ने अपनी उम्र का बड़ा भाग इज़्ज़त और नेकनामी के साथ निभाया है और कुटुंब का पालन किया है जिसमें सब मिलकर नौ आदमी थे। अपने हेडमास्टर साहब ही को देखो। एम०ए० हैं कि नहीं और यहाँ के एम०ए० नहीं, ऑक्सफोर्ड के। एक हज़ार रुपये पाते हैं; लेकिन उनके घर का इंतजाम कौन करता है? उनकी बूढ़ी माँ। हेडमास्टर साहब की डिग्री यहाँ बेकार हो गई। पहले खुद घर का इंतजाम करते थे। खर्च पूरा न पड़ता था। कर्जदार रहते थे। जब से उनकी माताजी ने प्रबंध अपने हाथ में ले लिया है, जैसे घर में लक्ष्मी आ गई है। तो भाईजान, यह गरूर दिल से निकाल डालो कि तुम मेरे समीप आ गए हो और अब स्वतंत्र हो। मेरे देखते तुम बेराह न चलने पाओगे।

i. 'दैव न करे, आज मैं बीमार हो जाऊँ। कथन में 'मैं' कौन है?

क. लेखक | ख. लेखक के पिता
ग. बड़े भाई साहब | घ. लेखक के शिक्षक

ii. दादा द्वारा भेजे गए पैसे कितने दिन में खर्च हो जाते हैं?

क. दस दिन में | ख. पंद्रह दिन में
ग. बीस–बाईस दिन में | घ. तीस दिन में

iii. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) हेडमास्टर साहब की डिग्री यहाँ बेकार हो गई।

कारण (R) जब से उनकी माताजी ने प्रबंध अपने हाथ में ले लिया है, जैसे घर में लक्ष्मी आ गई है।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

iv. हेडमास्टर साहब को कितना वेतन मिलता है?

क. एक हजार रुपये | ख. दो हजार रुपये
ग. तीन हजार रुपये | घ. पाँच सौ रुपये

v. हेडमास्टर साहब के घर का इंतजाम कौन करता है?

क. उनके पिता | ख. उनकी बूढ़ी माँ
ग. वे स्वयं | घ. उनका नौकर

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. शाहेरूम की क्या दशा हुई?
   क. अहंकार के कारण उसे भीख माँगनी पड़ी
   ख. संसार के सभी महीप उसके अधीन हो गये
   ग. संसार के सभी महीप उसका आधिपत्य स्वीकार नहीं कर पाये
   घ. उपर्युक्त सभी

ii. शिक्षा प्राप्ति का मूल उद्देश्य है –
   क. केवल इम्तिहान पास कर लेना
   ख. बुद्धि का विकास करना
   ग. पढ़ी चीजों का अभिप्राय समझना
   घ. ख तथा ग दोनों

iii. अंग्रेजों को चक्रवर्ती क्यों नहीं कहा जा सकता?
   क. अंग्रेजों के राज्य का विस्तार सम्पूर्ण भूमण्डल पर नहीं था
   ख. संसार के सभी राष्ट्र अंग्रेजों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते थे
   ग. क और ख दोनों
   घ. इनमें से कोई नहीं

iv. रावण का अंत क्यों हुआ?
   क. देवताओं को अपना दास बनाने के कारण
   ख. संसार के सभी राजाओं से कर लेने के कारण
   ग. स्वयं पर अभिमान करने के कारण
   घ. सभी बंधु–बांधवों के मारे जाने के कारण

v. लेखक को आज भोजन क्यों निःस्वाद लग रहा था?
   क. तबीयत ठीक नहीं होने के कारण
   ख. बहुत अधिक थक जाने के कारण
   ग. बड़े भाई साहब का उपदेश सुनने के कारण
   घ. इनमें से कोई नहीं

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. छोटे भाई को बड़े भाई की किन बातों से लघुता का अनुभव हुआ और क्यों?
ii. बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थी?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. बड़े भाई साहब ने जीवन के अनुभवों और पुस्तकीय ज्ञान में से किसे अच्छा कहा है और क्यों? उनके विचारों पर अपनी टिप्पणी कीजिए।
ii. पढ़ाई और परीक्षा के प्रति बड़े भाई साहब और छोटे भाई के दृष्टिकोण में क्या मौलिक अंतर है? आपके विचार से दोनों में सामंजस्य किस प्रकार बैठाया जा सकता है?
iii. बड़े भाई साहब पाठ में समूची शिक्षा के किन तौर–तरीकों पर व्यंग्य किया गया है? क्या आप उनके विचारों से सहमत हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**पाठ–डायरी का एक पन्ना**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

बड़े बाजार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सजाए गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई हो। कलकत्ते के प्रत्येक भाग में ही झंडे लगाए गए थे। जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे, उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी। लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई। पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी। मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट प्रत्येक मोड़ पर तैनात थे। कितनी ही लारियाँ शहर में घुमाई जा रही थीं। घुड़सवारों का प्रबंध था। कहीं भी ट्रैफिक पुलिस नहीं थी, सारी पुलिस को इसी काम में लगाया गया था। बड़े–बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही घेर लिया था। मोनुमेंट के नीचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी उस जगह को तो भोर में छह बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था।

i. घुड़सवारों का प्रबंध किसकी ओर से किया गया था?

क. पुलिस प्रशासन
ख. कांग्रेस कौंसिल
ग. स्थानीय समिति
घ. केन्द्र सरकार

ii. बड़े बाजार के मकानों को सजाने और उन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का क्या कारण था ?

क. स्वतंत्रता प्राप्ति की खुशी मनाना
ख. स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ मनाना
ग. लोगों में उत्साह और नवीनता का संचार करना
घ. लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार करना

iii. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) पुलिस ने बड़ी संख्या में पार्कों तथा मैदानों को घेर लिया था।

कारण (R) पुलिस अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी ।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।
ख. कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।
ग. कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।
घ. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

iv. शहर के प्रत्येक मोड़ पर मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट क्यों तैनात थे?

क. कार्यक्रम के दौरान होने वाली हिंसा को रोकने के लिए
ख. सरकारी आदेशानुसार कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए
ग. शाम को होने वाली सभा का प्रबंध करने के लिए
घ. शाम को होने वाली सभा में सम्मिलित होने के लिए

v. शहर में कहीं भी ट्रैफिक पुलिस क्यों नहीं थी ?

क. ट्रैफिक पुलिस गश्त के काम में लगी थी।
ख. उस दिन शहर में कोई ट्रैफिक नहीं था।
ग. ट्रैफिक पुलिस आजादी का उत्सव मना रही थी।
घ. ट्रैफिक पुलिस को निरस्त कर दिया गया था।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. 26 जनवरी 1930 को भारत में क्या मनाया गया था?

क. प्रथम स्वतन्त्रता दिवस
ख. गणतन्त्र दिवस
ग. गाँधी जी का जन्मदिन
घ. भगत सिंह जी का जन्मदिन

ii. जुलूस कहाँ–कहाँ निकाले जा रहे थे?

क. दिल्ली
ख. लखनऊ
ग. कलकत्ता
घ. मुम्बई

iii. अविनाश बाबू को पुलिस ने क्यों पकड़ा था?

क. पार्क में झण्डा गाड़ने के कारण
ख. कांग्रेस में जाने के कारण
ग. लड़ने के कारण
घ. मारने के कारण

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. 26 जनवरी 1931 के दिन कलकत्ता के 'बड़े बाजार' का दृश्य कैसा था?

ii. आजादी के संघर्ष में विद्यार्थियों की क्या भूमिका थी?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. ''आज तो जो कुछ हुआ वह अपूर्व हुआ है। बंगाल के नाम या कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहाँ काम नहीं हो रहा है। वह आज बहुत अंश में धुल गया।'' डायरी के एक पन्ना पाठ के आधार पर इसे स्पष्ट कीजिए।

ii. 26 जनवरी 1931 को मनाए गए स्वतन्त्रता दिवस को अंग्रेजों के विरूद्ध 'ओपन लड़ाई' क्यों कहा गया?

**पाठ–तताँरा–वामीरो कथा**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

वामीरो के रुदन स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को देखकर आग बबूला हो उठी। सारे गाँववालों की उपस्थिति में यह दृश्य उसे अपमानजनक लगा। इस बीच गाँव के कुछ लोग भी वहाँ पहुँच गए। वामीरो की माँ क्रोध में उफन उठी। उसने तताँरा को तरह–तरह से अपमानित किया। गाँव के लोग भी तताँरा के विरोध में आवाजें उठाने लगे। यह तताँरा के लिए असहनीय था। वामीरो भी रोए जा रही थी। तताँरा भी गुस्से से भर उठा। उसे जहाँ विवाह की निषेध परंपरा पर क्षोभ था, वहीं अपनी असहायता पर खीझ। वामीरो का दुःख उसे और गहरा कर रहा था। उसे मालूम न था कि क्या कदम उठाना चाहिए। अनायास उसका हाथ तलवार की मूठ पर जा टिका। क्रोध में तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा। क्रोध लगातार अग्नि की तरह बढ़ रहा था। लोग सहम उठे, एक सन्नाटा–सा खिंच गया जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसने शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा। वह पसीने से नहा उठा। सब घबराए हुए थे। वह तलवार को अपनी तरफ खींचते–खींचते दूर तक पहुँच गया। वह हाँफ रहा था। अचानक जहाँ तक लकीर खिंच गई थी, वहाँ एक दरार होने लगी। मानो धरती दो टुकड़ों में बँटने लगी हो ।

i. गाँव के लोग तताँरा के विरोध में आवाजें क्यों उठा रहे थे?

क. वे तताँरा को अपमानित करना चाहते थे।

ख. वे गाँव की निषेध परंपरा के पक्ष में थे।

ग. गाँव की रीति के विरोध मे थे।

घ. तताँरा को पशु पर्व में शामिल नहीं करना चाहते थे।

ii. तताँरा ने अपने क्रोध का शमन करने के लिए क्या किया?

क. वामीरो की माँ को बुरा–भला सुनाया

ख. सब गाँववालों के विरोध में आवाज उठाई

ग. अपनी तलवार से उपस्थित लोगों पर वार किया

घ. अपनी तलवार को धरती में गाड़ दिया

iii. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसने शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा।

कारण (R) गाँव के लोग भी तताँरा के विरोध में आवाज़ें उठाने लगे।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

ख. कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

ग. कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

iv. वामीरो की माँ क्या सुनकर वहाँ पहुँची?

क. गाँववालों का विरोध

ख. पशु पर्व का आयोजन

ग. वामीरो का रोना

घ. तताँरा का तलवार खींचना

v. 'लोग सहम उठे, एक सन्नाटा–सा खिंच गया।' लोगों का सहम जाना क्या दर्शाता है?

क. विलक्षण दैवीय तलवार को देखने लग गए थे।

ख. किसी भावी दुष्परिणाम की आशंका से ग्रसित थे।

ग. जानते थे कि द्वीप दो भागों में बँट जाएगा।

घ. तताँरा–वामीरो के विवाह के लिए सहमत हो गए थे।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. लोग क्यों तताँरा के करीब रहना चाहते थे?

क. उसके आकर्षक व्यक्तित्व के कारण    ख. उसके शक्तिशाली होने के कारण

ग. उसके आत्मीय स्वभाव के कारण    घ. उपर्युक्त सभी

ii. तताँरा समुद्री बालू पर बैठकर क्या करने लगा?

क. कुछ सोच विचार करने लगा    ख. सूरज की किरणों को समुद्र पर निहारने लगा

ग. वह वामीरो का मधुर गीत सुनने लगा    घ. उपर्युक्त सभी

iii. तताँरा–वामीरो कथा समाज की किस समस्या की ओर ध्यान इंगित कराती है?

क. जाति–प्रथा    ख. बेमेल–विवाह

ग. विवाह के परंपरागत नियम    घ. बाल–विवाह

iv. 'आग बबूला हो उठने' का क्या अर्थ है?

क. अत्यधिक क्रोध आना

ख. आग की प्रचंड लपटों की तरह लहराना

ग. बच्चों की चिंता करना

घ. बहुत परेशान हो उठना

v. तताँरा द्वारा परम कर्तव्य माना गया है–

क. अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना

ख. अपने गाँववासियों की सहायता करना

ग. समूचे द्वीपवासियों की सहायता करना

घ. पशु–पर्व में सम्मिलित होना

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. ततँारा–वामीरो के त्याग के बाद उनके समाज में क्या सुखद परिवर्तन आया?

ii. ततँारा अपनी कमर में सदैव तलवार क्यों बाँधे रहता था?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. परम्पराएँ या मान्यताएँ जब बंधन लगने लगे तो उनका टूट जाना ही क्यों अच्छा है? ततँारा–वामीरो ने इसके लिए क्या त्याग किया?

ii. ततँारा–वामीरो की प्रेम कथा निकोबारियों के घर–घर में क्यों सुनायी जाती है?

**पाठ–तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेन्द्र**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

ऐसा नहीं है कि शैलेंद्र बीस सालों तक फिल्म इंडस्ट्री में रहते हुए भी वहाँ के तौर–तरीकों से नावाकिफ थे, परंतु उनमें उलझकर वे अपनी आदमियत नहीं खो सके थे। 'श्री 420' का एक लोकप्रिय गीत है– 'प्यार हुआ, इकरार हुआ है, प्यार से फिर क्यूँ डरता है दिल।' इसके अंतरे की एक पंक्ति रातें दसों दिशाओं से कहेंगी अपनी कहानियाँ पर संगीतकार जयकिशन ने आपत्ति की। उनका ख्याल था कि दर्शक 'चार दिशाएँ' तो समझ सकते हैं–'दस दिशाएँ' नहीं। लेकिन शैलेंद्र परिवर्तन के लिए तैयार नहीं हुए। उनका दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों की रुचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर नहीं थोपना चाहिए। कलाकार का यह कर्त्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रुचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करे। और उनका यकीन गलत नहीं था। यही नहीं, वे बहुत अच्छे गीत भी जो उन्होंने लिखे बेहद लोकप्रिय हुए। शैलेंद्र ने झूठे अभिजात्य को कभी नहीं अपनाया। उनके गीत भाव–प्रवण थे–दुरूह नहीं। 'मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंगलिस्तानी, सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' यह गीत शैलेंद्र ही लिख सकते थे। शांत नदी का प्रवाह और समुद्र की गहराई लिए हुए। यही विशेषता उनकी जिंदगी की थी और यही उन्होंने अपनी फिल्म के द्वारा भी साबित किया था।

i. फिल्म इंडस्ट्री के तौर–तरीकों में उलझकर शैलेंद्र क्या नहीं खोना चाहते थे?

| | |
|---|---|
| क. अपनी इज्जत | ख. अपनी आदमियत |
| ग. अपनी पहचान | घ. अपनी दौलत |

ii. 'प्यार हुआ, इकरार हुआ है ................' गीत किस फिल्म का है?

| | |
|---|---|
| क. संगम का | ख. मेरा नाम जोकर का |
| ग. तीसरी कसम का | घ. श्री 420 का |

iii. जयकिशन को गीत की पंक्ति पर क्या आपत्ति थी?

क. पंक्ति की भाषा अच्छी नहीं है।

ख. पंक्ति का भाव अच्छा नहीं है।

ग. पंक्ति में आए 'दसों दिशाओं' शब्द को दर्शक नहीं समझ सकते।

घ. यह पंक्ति गीत की लय को बिगाड़ रही है।

iv. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) रातें दसों दिशाओं से कहेंगी अपनी कहानियाँ पर संगीतकार जयकिशन ने आपत्ति की।

कारण (R) उनका ख्याल था कि दर्शक चार दिशाएँ तो समझ सकते हैं दस दिशाएँ नहीं।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

ख. कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

ग. कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।

घ. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

v. कलाकार का क्या कर्त्तव्य है?

क. वह उपभोक्ता की रुचियों का परिष्कार करे

ख. वह उपभोक्ता की रुचियों की चिंता न करे

ग. वह अधिक–से–अधिक धन कमाए

घ. वह उपभोक्ता की रुचियों को बढ़ाए

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. तीसरी कसम फिल्म में क्या दर्शाने का प्रयास किया है?

क. जन–जीवन के यथार्थ रूप को

ख. माता–पिता के प्रेम को

ग. भाई–बहन के प्रेम को

घ. पिता–पुत्र के सम्मान को

ii. शैलेन्द्र के जीवन की पहली एवं अन्तिम फिल्म कौन–सी थी?

क. तीसरी कसम　　ख. मेरा नाम जोकर

ग. संगम　　घ. सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

iii. तीसरी कसम फिल्म को कौन–सा पुरस्कार मिला था?

क. राष्ट्रपति स्वर्ण पदक　　ख. आईफा

ग. फिल्मफेयर　　घ. ऑस्कर

iv. तीसरी कसम के नायक–नायिका का क्या नाम था?

क. हीर–रांझा　　ख. सोनी–महिवाल

ग. हीरामन–हीराबाई　　घ. लैला–मजनू

v. हमारी फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी क्या होती है?

क. लोक तत्व की कमी　　ख. गानों की कमी

ग. कथानक की कमी　　घ. लड़ाई की कमी

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. शैलेन्द्र को फिल्म–निर्माता बनने के लिए अयोग्य क्यों कहा गया है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. हमारी फिल्मों में त्रासद स्थितियों का चित्रांकन 'ग्लोरीफाई' क्यों कर दिया जाता है? पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

ii. शैलेन्द्र की फिल्म 'तीसरी कसम' को क्या मिला, आर्थिक लाभ या यश और सम्मान?

**पाठ—अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

ग्वालियर से मुंबई की दूरी ने संसार को काफी कुछ बदल दिया है। वर्सोवा में जहाँ आज मेरा घर है, पहले यहाँ दूर तक जंगल था। पेड़ थे, परिंदे थे और दूसरे जानवर थे। अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी—चौड़ी बस्ती बन गई है। इस बस्ती ने न जाने कितने परिंदो—चरिंदों से उनका घर छीन लिया है। इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं। जो नहीं जा सके हैं उन्होनें यहाँ—वहाँ डेरा डाल लिया है। इनमें से दो कबूतरों ने मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है। बच्चे अभी छोटे हैं। उनके खिलाने—पिलाने की जिम्मेदारी अभी बड़े कबूतरों की है। वे दिन में कई—कई बार आते—जाते हैं। और क्यों न आएँ—जाएँ आखिर उनका भी घर है। लेकिन उनके आने—जाने से हमें परेशानी भी होती है। वे कभी किसी चीज को गिराकर तोड़ देते हैं। कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्जा गालिब को सताने लगते हैं। इस रोज—रोज की परेशानी से तंग आकर मेरी पत्नी ने उस जगह जहाँ उनका आशियाना था, एक जाली लगा दी है, उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया है। उनके आने की खिड़की को भी बंद किया जाने लगा है। खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात—भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।

i. ग्वालियर से मुंबई की दूरी ने किसे बदल दिया था?

क. लेखक को | ख. संसार को

ग. लेखक की पत्नी को | घ. लेखक के परिवार को

ii. वर्सोवा में जहाँ आज लेखक का घर है, वहाँ पहले क्या था?

क. एक खंडहर | ख. एक जंगल

ग. खाली मैदान | घ. एक कारखाना

iii. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

कथन (A) खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात—भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।

कारण (R) इस बस्ती में न जाने कितने परिंदो—चरिंदों से उनका घर छीन लिया है।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

iv. कबूतरों के बच्चों को खिलाने—पिलाने की जिम्मेदारी किसकी है?

क. लेखक की | ख. लेखक की पत्नी की

ग. बड़े कबूतरों की | घ. घर के नौकरों की

v. कबूतरों से तंग आकर लेखक की पत्नी ने क्या किया?

क. कबूतरों के आशियाने की जगह जाली लगा दी।

ख. उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया।

ग. उनके आने जाने की खिड़की को बंद करने लगी।

घ. उपर्युक्त सभी।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. बाइबिल के सोलोमेन को कुरान में किस नाम से जाना जाता है?

क. सोलीमीन | ख. सुलेमीन

ग. सुलेमान घ. सोलोमन

ii. शेख अयाज़ के पिता भोजन छोड़कर क्यों उठ खड़े हुए?
क. भोजन अच्छा नहीं होने के कारण
ख. कुछ अति आवश्यक काम याद आ जाने के कारण
ग. बेघर हुए च्योंटे को उसके घर पर छोड़ने जाने के कारण
घ. इनमें से कोई नहीं

iii. 'महाभारत' में युधिष्ठिर का अंत तक किसने साथ निभाया?
क. भीम ख. एक पक्षी
ग. एक कुत्ता घ. द्रौपदी

iv. 'न मैं अपनी मर्जी से कुत्ता हूँ, न तुम अपनी मर्जी से इंसान हो। बनाने वाला सबका तो वही एक है।' यह कथन किसका है?
क. पैगंबर नूह का ख. युधिष्ठिर का
ग. घायल कुत्ते का घ. पैगंबर नूह के शिष्य का

v. सुलेमान के लश्कर के घोड़ों की टापों से कौन डर गया?
क. पड़ोसी राज्य के लोग ख. रास्ते की चीटियाँ
ग. रास्ते के पशु–पक्षी घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. लेखक ने ग्वालियर से मुम्बई तक प्रकृति और मनुष्य के संबंधों में किन–किन बदलावों को महसूस किया? 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. अरब में लश्कर को नूह के नाम से क्यों याद करते हैं?

ii. बढ़ती आबादी से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए स्पष्ट कीजिए कि 'नेचर की सहनशक्ति की भी एक सीमा होती है।'

**पाठ–पतझर में टूटी पत्तियाँ**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

कहने लगे, ''हमारे जीवन की रफ़्तार बढ़ गई है। यहाँ कोई चलता नहीं, बल्कि दौड़ता है। कोई बोलता नहीं, बकता है। हम जब अकेले पड़ते हैं तब अपने आपसे लगातार बड़बड़ाते रहते हैं। .......... अमेरिका से हम प्रतिस्पर्धा करने लगे। एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में ही पूरा करने की कोशिश करने लगे। वैसे भी दिमाग की रफ़्तार हमेशा तेज़ ही रहती है। उसे 'स्पीड' का इंजन लगाने पर वह हजार गुना अधिक रफ़्तार से दौड़ने लगता हैं। फिर एक क्षण ऐसा आता है। जब दिमाग का तनाव बढ़ जाता है और पूरा इंजन टूट जाता है। .......... यही कारण है जिससे मानसिक रोग यहाँ बढ़ गए हैं।''

i. गद्यांश का वक्ता कौन है?
क. लेखक ख. लेखक का जापानी मित्र
ग. एक डॉक्टर घ. एक पत्रकार

ii. 'अमेरिका से हम प्रतिस्पर्धा करने लगे।' वाक्य में 'हम' कौन हैं?
क. चीन के लोग ख. भारत के लोग
ग. जापान के लोग घ. फ्रांस के लोग

iii. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।
कथन (A) एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में ही पूरा करने की कोशिश करने लगे।

कारण (R) जिससे मानसिक रोग बढ़ गए हैं।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

iv. गद्यांश में मानसिक रोगों के बढ़ने का कारण क्या बताया गया है?

क. वसायुक्त भोजन का अधिक प्रयोग

ख. अत्यधिक मदिरापान करना

ग. अधिक कार्य को कम समय में करने का दबाव

घ. हर समय दौड़ते रहना

v. जीवन की रफ़्तार बढ़ने से जापानियों की स्थिति कैसी हो गई है?

क. वहाँ कोई चलता नहीं, दौड़ता है।

ख. वहाँ कोई बोलता नहीं, बकता है।

ग. लोग अकेले में लगातार बड़बड़ाते हैं।

घ. उपर्युक्त सभी।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. शुद्ध सोना कितने कैरेट का होता है?

क. 24 कैरेट ख. 22 कैरेट

ग. 21 कैरेट घ. 20 कैरेट

ii. टी–सेरेमनी को जापान में क्या कहते हैं?

क. चा–नो–यू ख. चाय–पानी

ग. चायोन घ. चाय–दावत

iii. गिन्नी का सोना कितने कैरेट का था?

क. 21 कैरेट ख. 20 कैरेट

ग. 22 कैरेट घ. 24 कैरेट

iv. सोने में ताँबा क्यों मिलाया जाता है?

क. चमक व मजबूती के लिए ख. शुद्धता के लिए

ग. हल्का करने के लिए घ. पीला करने के लिए

v. चाय पीने के बाद लेखक ने स्वयं में क्या परिवर्तन महसूस किया?

क. शांति महसूस की ख. प्यास महसूस की

ग. आलस महसूस किया घ. भूख महसूस की

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. 'गिन्नी का सोना' पाठ में शुद्ध आदर्श की तुलना शुद्ध सोने से क्यों की गयी है?

ii. भूत, भविष्य और वर्तमान में किसे सत्य माना गया है? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए।

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. लेखक ने व्यवहारवादी वाले लोगों के बारे में क्या कहा है? वे असली जीवन में आदर्शवादी लोगों से कैसे भिन्न हैं? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ii. जापान में अधिकांश लोगों को मानसिक रोग होने के क्या कारण बताए गए हैं? चा–नो–यू इसमें किस प्रकार सहायक है? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर विस्तार से लिखिए।

iii. जापान की दौड़ती–भागती जीवन–शैली वर्तमान भारतीय महानगरीय जीवन–शैली पर पूर्ण रूप से प्रभाव डालती है। 'झेन की देन' निबंध के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**पाठ–कारतूस**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

मगर सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने में क्या मसलेहत थी? सआदत अली हमारा दोस्त है और बहुत ऐश पसंद आदमी है। इसलिए हमें अपनी आधी मुमलिकत (जायदाद, दौलत) दे दी और दस लाख रुपये नकद। अब वो भी मजे करता है और हम भी। उसके अफसाने सुन के रॉबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं। अंग्रेजों के खिलाफ उसके दिल में किस कदर नफरत है। कोई पाँच महीने हुकूमत की होगी। मगर इस पाँच महीने में वो अवध के दरबार को अंग्रेजी असर से बिलकुल पाक कर देने में तकरीबन कामयाब हो गया था।

i. किसके अफसाने सुनकर रॉबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं?

क. सआदत अली के　　　　ख. शमसुद्दौला के

ग. वज़ीर अली के　　　　घ. शाहे–ज़मा के

ii. वज़ीर अली के दिल में अंग्रेजों के प्रति कैसी भावना थी?

क. प्रेम की भावना　　　　ख. आदर की भावना

ग. मित्रता की भावना　　　　घ. घृणा की भावना

iii. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

कथन (A) सआदत अली को अवध के तख्त पर बिठाने में क्या मसलेहत थी?

कारण (R) सआदत अली हमारा दोस्त है और बहुत ऐश पसंद आदमी है।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

iv. वज़ीर अली ने कितने दिन हुकूमत की?

क. पाँच साल　　　　ख. पाँच महीने

ग. एक साल　　　　घ. दो साल

v. अपने शासनकाल में वज़ीर अली ने क्या प्रयास किया?

क. अवध के दरबार को सजाने का

ख. शत्रुओं को देश से बाहर भगाने का

ग. अवध के दरबार को अंग्रेजी प्रभाव से मुक्त करने का

घ. अपने राज्य को समृद्ध बनाने का

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. वज़ीर अली के कारनामे किसके जैसे थे?

क. रॉबिनहुड जैसे　　　　ख. अंग्रेजों जैसे

ग. मुगलों जैसे　　　　घ. देशद्रोही जैसे

ii. कम्पनी के वकील का कत्ल किसने किया था?

क. सआदत अली ने | ख. वज़ीर अली ने

ग. आसिफउद्दौला ने | घ. अंग्रेजों ने

iii. सआदत अली को तख़्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या मकसद था?

क. अवध को हड़पने का | ख. वजीर अली को भगाने का

ग. वकील को मारने का | घ. कर्नल को मारने का

iv. कर्नल ने सवार को कितने कारतूस दिये थे?

क. दस कारतूस | ख. पाँच कारतूस

ग. तीन कारतूस | घ. आठ कारतूस

v. सआदत अली के भाई का क्या नाम था?

क. वज़ीर अली | ख. आसिफउद्दौला

ग. कर्नल कालिंज | घ. शमसुद्दौला

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. कर्नल को वजीर अली के अफसाने सुनकर रॉबिनहुड के कारनामें क्यों याद आ गए?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. वज़ीर अली की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

## काव्य खण्ड

### पाठ–साखी (कबीर)

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. कवि को ईश्वर के दर्शन होने पर क्या लाभ हुआ?

क. वह बहुत ज्ञानी हो गया

ख. उसके भीतर का 'मैं' समाप्त हो गया

ग. उसे संसार व्यर्थ लगने लगा

घ. उसको अपनी शक्ति का आभास हो गया

ii. कबीर के अनुसार कौन ज्ञानी नहीं बन पाया?

क. ग्रंथों को पढ़ने वाला

ख. दूसरों को ज्ञान देने वाला

ग. सन्यास ग्रहण करने वाला

घ. अपनी प्रशंसा करने वाला

iii. कबीर की साखियों के अनुसार सुखी कौन है?

क. सांसारिक लोग जो सोते और खाते हैं।

ख. आध्यात्मिक लोग जो ईश्वर का नाम लेते हैं।

ग. जो स्वार्थों से ऊपर उठ गए हैं।

घ. जिसने स्वयं को नियंत्रित कर लिया है।

iv. ईश्वर कण–कण में व्याप्त है, किंतु हम उसे देख नहीं पाते, क्यों?

क. आँखे बंद होने के कारण

ख. मन की चंचलता के कारण

ग. मन में छिपे अहंकार के कारण

घ. आँखों से स्पष्ट न दिखायी देने के कारण

v. वियोग की पीड़ा को किसके समान बताया गया है?

क. पीड़ा नाशक दवा के समान | ख. पीड़ा नाशक मंत्र के समान

ग. विरह रूपी भुवंगम के समान | घ. इनमें से कोई नहीं

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. कबीर ने कैसी वाणी बोलने की सलाह दी है? उसके क्या–क्या लाभ बताए गए हैं?

ii. कबीर ने निंदक व्यक्ति को पास रखने की बात क्यों कही है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. पठित साखियों के आधार पर वाणी तथा सुखी और निंदक के बारे में कबीर के विचारों पर चर्चा कीजिए।

ii. कबीर के दोहे के आधार पर कस्तूरी की उपमा को स्पष्ट कीजिए।

**पाठ–पद (मीरा)**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. 'चीर' शब्द का क्या अभिप्राय है?

क. चीरना | ख. फाड़ना

ग. वस्त्र | घ. काटना

ii. श्रीकृष्ण ने अपने गले में निम्नलिखित में से क्या पहना हुआ है?

क. मोतियों की माला | ख. फूलों की माला

ग. सोने का हार | घ. वैजंती माला

iii. मीराबाई अपने वेतन के रूप में क्या पाना चाहती हैं?

क. सुंदर वस्त्र–आभूषण | ख. महलों का सुख

ग. कृष्ण जी का स्मरण | घ. कृष्ण जी की चाकरी

iv. मीरा अपने साँवरिया का दर्शन कैसी साड़ी पहनकर प्राप्त करना चाहती हैं?

क. रेशमी साड़ी | ख. खद्दर की साड़ी

ग. केसरिया रंग की साड़ी | घ. हरे रंग की साड़ी

v. पाठ 'पद' के आधार पर 'हिवड़ों घणों अधीराँ' से क्या आशय है?

क. हृदय बहुत मजबूत है। | ख. हृदय मिलन के लिए अधीर है।

ग. हृदय घड़े के समान है। | घ. हृदय बहुत पीड़ित है।

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप–सौन्दर्य का वर्णन कैसे किया है?

ii. मीरा की भाषा–शैली पर प्रकाश डालिए।

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. मीराबाई ने श्रीकृष्ण से अपनी पीड़ा हरने की प्रार्थना किस प्रकार की है? अपने शब्दों में लिखिए।

ii. मीरा के पदों में कृष्णलीलाओं एवं महिमा के वर्णन का उद्देश्य क्या है?

**पाठ–मनुष्यता**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. कवि कैसी मृत्यु चाहता है?

क. सुमृत्यु | ख. कुमृत्यु

ग. पशु जैसी मृत्यु — घ. पक्षी जैसी मृत्यु

ii. सिर्फ अपने बारे में कौन सोचता है?

क. मनुष्य — ख. पशु

ग. उल्लू — घ. पक्षी

iii. राजा रंतिदेव ने क्या दान किया था?

क. हड्डियाँ — ख. भोजन का थाल

ग. विद्या — घ. जल

iv. कैसे व्यक्तियों की कीर्ति चारों दिशाओं में फैलती है?

क. उदार व्यक्तियों की — ख. छोटे व्यक्तियों की

ग. बुरे व्यक्तियों की — घ. निर्धन व्यक्तियों की

v. राजा उशीनर ने किसकी रक्षा की थी?

क. कबूतर की — ख. चिड़िया की

ग. इन्द्र की — घ. भिखारी की

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. 'मनुष्यता' कविता में उदार व्यक्ति की क्या पहचान बताई गई है और उसके लिए क्या भाव व्यक्त किए गए हैं?

ii. कवि ने दधीचि, कर्ण आदि महान व्यक्तियों का उदाहरण देकर 'मनुष्यता' के लिए क्या संदेश दिया है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. 'मनुष्यता' कविता के द्वारा कवि ने क्या प्रतिपादित करना चाहा है? विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

ii. कविता के आधार पर 'मनुष्यता' के गुणों/लक्षणों की चर्चा विस्तार पूर्वक कीजिए।

**पाठ–पर्वत प्रदेश में पावस**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. प्रकृति में परिवर्तन किस ऋतु में आता है?

क. पावस ऋतु — ख. पतझर में

ग. शीत ऋतु — घ. ग्रीष्म ऋतु

ii. 'मेखलाकार' शब्द का क्या अर्थ है?

क. सामान्य — ख. करघनी के आकार का

ग. गन्तव्य — घ. निर्झर

iii. कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है?

क. दर्पण — ख. कागज

ग. नेत्र — घ. बारिश

iv. सहस्त्र दृग–सुमन से क्या तात्पर्य है?

क. हजारों पुष्प रूपी आँखें — ख. पत्तियों की आँखें

ग. फूलों की आँखें — घ. आकाश की आँखें

v. पर्वत प्रदेश में पावस कविता के कवि का नाम लिखिए।

क. सुमित्रानन्दन पंत — ख. प्रेमचंद

ग. मैथिलिशरण गुप्त — घ. महादेवी वर्मा

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. पर्वत प्रदेश में पावस कविता में शाल के वृक्षों के भयभीत होकर धरती में धँसने की बात क्यों कही गयी है?

ii. झरनों की तुलना किससे की गयी है और क्यों?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. कविता के आधार पर पर्वतीय प्रदेश में वर्षा का सुन्दर वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

i. 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में वर्णित प्रकृति के दृश्यों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**पाठ–तोप**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. विरासत में मिली चीजों को संभालकर क्यों रखना चाहिए?

क. वह पूर्वजों की धरोहर होती है। ख. वह कीमती होती है।

ग. वह बेकार होती है। घ. वह प्रयोग करने योग्य नहीं होती है।

ii. कम्पनी बाग में रखी तोप किस सन् की थी?

क. 1857 ख. 1859

ग. 1950 घ. 1947

iii. तोप को साल में कितनी बार चमकाया जाता था?

क. चार बार ख. तीन बार

ग. दो बार घ. एक बार

iv. तोप नाम से यह कविता हमें किसके दुष्कर्मो का स्मरण दिलाती है?

क. ब्रिटिश शासन ख. मुगलों के

ग. पड़ोसी के घ. परिवार के

v. तोप कविता के कवि का क्या नाम है?

क. महादेवी वर्मा ख. वीरेन डंगवाल

ग. सुमित्रानन्दन पंत घ. मैथिलीशरण गुप्त

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

i. 'तोप' कविता में गौरैया द्वारा क्या बताया गया है?

ii. कंपनी बाग में 1857 की तोप अभी तक क्यों रखी गई है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. 'तोप' कविता का प्रतिपाद्य 80–100 शब्दों में लिखिए।

ii. पाठ में तोप की कौन–कौन–सी दो स्थितियाँ दिखाई गई हैं? उनके द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहता है?

**पाठ–कर चले हम फिदा**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. कर चले हम फिदा गीत किस फिल्म से लिया गया है?

क. हकीकत | ख. तीसरी कसम

ग. मेरा नाम जोकर | घ. ललकार

ii. 'सर हिमालय का हमने ना झुकने दिया' इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है?

क. भारत के गौरव का | ख. दुल्हन का

ग. लड़ाई का | घ. प्रेम का

iii. 'सर पर कफन बाँधना' किस ओर संकेत कर रहा है?

क. मरने की ओर | ख. भागने की ओर

ग. लड़ने की ओर | घ. खाने की ओर

iv. 'सीता का दामन' शब्द से कवि का क्या तात्पर्य है?

क. मातृभूमि से | ख. सीता माता से

ग. उर्मिला से | घ. द्रौपदी से

v. 'कर चले हम फिदा' गीत के रचयिता का क्या नाम है?

क. महादेवी वर्मा | ख. वीरेन डंगवाल

ग. कैफी आजमी | घ. मैथिलीशरण गुप्त

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. 'कर चले हम फिदा' पाठ से ली गई पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए–
'राम भी तुम, तुम ही लक्ष्मण साथियों।'

ii. आजाद होने के बाद सबसे मुश्किल काम है 'आजादी बनाए रखना।' आप इसके लिए क्या–क्या करेंगे?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. 'कर चले हम फिदा' गीत में सैनिकों की देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ हैं?

ii. इस गीत में धरती को दुलहन क्यों कहा गया है?

**पाठ–आत्मत्राण**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. कवि किससे प्रार्थना कर रहा है?

क. ईश्वर से | ख. पिता से

ग. भाई से | घ. गुरू से

ii. 'आत्मत्राण' शब्द का अर्थ क्या है?

क. आत्मरक्षा | ख. परोपकार

ग. दूसरों की रक्षा | घ. स्वास्थ्य

iii. इच्छाओं की पूर्ति के लिए आप प्रार्थना के अतिरिक्त और क्या–क्या प्रयास करते हैं?

क. कठोर परिश्रम | ख. पूजा–पाठ

ग. सोना | घ. खाना

iv. 'आत्मत्राण' कविता के लेखक का क्या नाम है?

क. रविन्द्रनाथ ठाकुर | ख. महादेवी वर्मा

ग. कैफी आजमी | घ. सुमित्रानन्दन पंत

v. 'आत्मत्राण' कविता का हिन्दी अनुवाद हिन्दी के किस महान साहित्यकार ने किया है?

क. हजारी प्रसाद द्विवेदी    ख. महादेवी वर्मा
ग. रविन्द्र नाथ ठाकुर    घ. कैफी आज़मी

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. कवि सहायक न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है?

ii. 'आत्मत्राण' कविता में कवि क्या–क्या कामना करता है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. 'आत्मत्राण' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

ii. कवि रवींद्रनाथ ठाकुर ईश्वर से दुख कम करने की प्रार्थना नहीं करते। वे उनसे क्या माँगते हैं और क्यों?

## संचयन

### पाठ–हरिहर काका

**मूल्यपरक प्रश्न**

i. समाज में रिश्तों का क्या महत्व है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

ii. महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण महंत के चरित्र की किस सच्चाई को सामने लाता है? ठाकुरबारी जैसी संस्थाओं से कैसे बचा जा सकता है?

iii. एक महंत से समाज की क्या अपेक्षाएँ होती हैं? हरिहर काका कहानी में महंतों की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए।

iv. ठाकुरबारी के प्रति गाँव वालों के मन में अपार श्रद्धा के जो भाव हैं, उससे उनकी किस मनोवृत्ति का पता चलता है?

v. कथावाचक और हरिहर काका के बीच क्या संबंध है और इसके क्या कारण हैं?

### पाठ–सपनों के–से दिन

**मूल्यपरक प्रश्न**

i. 'सपनों के–से दिन' संस्मरण में पी0टी0 साहब के स्वभाव की विशेषताएँ सोदाहरण लिखिए।

ii. लेखक को स्कूल किस प्रकार की स्थिति में अच्छा लगने लगता है और क्यों?

iii. प्राचीन और आधुनिक शिक्षा–प्रणाली को पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

iv. बचपन की यादें मन को गुदगुदाने वाली होती हैं, विशेषकर स्कूली दिनों की। अपने अब तक के स्कूली जीवन की खट्टी– मीठी यादों को लिखिए।

v. पहले समय में बच्चे अपनी छुट्टियाँ कैसे बिताते थे? आज उसमें क्या परिवर्तन आ गया है? तर्कसंगत उत्तर दीजिए।

### पाठ–टोपी शुक्ला

**मूल्यपरक प्रश्न**

i. समाज में समरसता बनाए रखने के लिए टोपी और इफ्फन जैसे पात्रों का होना आवश्यक है–तीन तर्क देकर पुष्टि कीजिए।

ii. इफ्फन और टोपी शुक्ला की मित्रता भारतीय समाज के लिए किस प्रकार प्रेरणादायक है? जीवन–मूल्यों की दृष्टि से उत्तर दीजिए।

iii. दस अक्टूबर सन् पैंतालीस का दिन टोपी के जीवन में क्या महत्त्व रखता है?

iv. इफ्फन की दादी अपने बेटे की शादी में गाने–बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाईं?

v. इफ्फन, टोपी शुक्ला की कहानी का महत्त्वपूर्ण हिस्सा किस तरह से है?

**व्याकरण**

**पदबंध**

i. क्रियाविशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए –

क. 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे–धीरे पीछे हटने लगते हैं।

ख. 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे–धीरे पीछे हटने लगते हैं।

ग. 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे–धीरे पीछे हटने लगते हैं।

घ. 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे–धीरे पीछे हटने लगते हैं।

ii. महँगी खरीदी हुई शॉल फट गई है। रेखांकित में पदबंध है–

क. क्रिया पदबंध ख. क्रिया विशेषण पदबंध

ग. विशेषण पदबंध घ. संज्ञा पदबंध

iii. मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता। रेखांकित में पदबंध है–

क. क्रिया विशेषण पदबंध ख. संज्ञा पदबंध

ग. विशेषण पदबंध घ. क्रिया पदबंध

iv. नानी कहानी सुनाती रहती है। वाक्य में संज्ञा–पदबंध है–

क. नानी ख. कहानी

ग. सुनाती घ. रहती है

v. मुझे छत से चाँद दिखाई दे रहा है। वाक्य में रेखांकित पदबंध है–

क. क्रिया विशेषण पदबंध ख. सर्वनाम पदबंध

ग. क्रिया पदबंध घ. विशेषण पदबंध

vi. 'फटे–पुराने वस्त्रों वाला कोई दरवाजे पर खड़ा है।' वाक्य में रेखांकित है–

क. संज्ञा पदबंध ख. क्रियाविशेषण पदबंध

ग. सर्वनाम पदबंध घ. क्रिया पदबंध

vii. क्रियाविशेषण पदबंध है–

क. वह अब तक सो चुका होगा।

ख. किसान बहुत परिश्रमी होता है।

ग. वह लँगड़ाता हुआ बहुत धीरे–धीरे चला।

घ. यह गाड़ी अजमेर से आई है।

viii. 'वह इधर–उधर देखता हुआ चल रहा था।' वाक्य में रेखांकित है–

क. क्रिया पदबंध ख. क्रियाविशेषण पदबंध

ग. समुच्चयबोधक पदबंध घ. विशेषण पदबंध

**रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण**

i. 'किसान ने खेत में नाली बनाकर अपने खेत की सिंचाई की।' वाक्य रचना की दृष्टि से है –

क. सरल वाक्य ख. मिश्र वाक्य

ग. संयुक्त वाक्य घ. सामान्य वाक्य

ii. निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है –

क. दिनभर वर्षा होने के कारण वह नहीं आया।

ख. वह नहीं आया, क्योंकि दिनभर वर्षा होती रही।

ग. दिनभर वर्षा होती रही इसलिए वह नहीं आया।

घ. जब दिनभर वर्षा होगी तब वह कैसे आएगा।

iii. कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए –

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| 1 | भाई साहब और मैं कनकौआ लूटने के लिए दौड़ रहे थे। | i. | संयुक्त वाक्य |
| 2 | क्योंकि मुझे और भाईसाहब को कनकौआ लूटना था इसीलिए हम दौड़ रहे थे। | ii. | सरल वाक्य |
| 3 | मुझे कनकौआ लूटना था और भाई साहब मेरे साथ दौड़ रहे थे। | iii. | मिश्रित वाक्य |

**विकल्प**

क. 1(iii.), 2(i.), 3(ii.)
ख. 1(ii.), 2(iii.), 3(i.)
ग. 1(i.), 2(ii.), 3(iii.)
घ. 1(ii.), 2(i.), 3(iii.)

iv. 'गाड़ी मिलते ही मैं कोलकाता पहुँच जाऊँगी।' का मिश्र वाक्य बनेगा–

क. मैं कोलकाता पहुँच जाती अगर गाड़ी मिल जाती।

ख. जैसे ही गाड़ी मिलेगी, वैसे ही मैं कोलकाता पहुँच जाऊँगी।

ग. गाड़ी मिली और कोलकाता पहुँच गयी।

घ. मुझे कोलकाता पहुँचना था, इसलिए गाड़ी मिल गयी।

v. 'सायंकाल हुआ और पक्षी अपने–अपने घोंसलों में लौट गए।' वाक्य रचना की दृष्टि से है –

क. मिश्र वाक्य
ख. सरल वाक्य
ग. संयुक्त वाक्य
घ. सामान्य वाक्य

vi. 'ज्यों ही वह पहुँचा, वर्षा होने लगी।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा–

क. उसके पहुँचते ही वर्षा होने लगी।

ख. वह पहुँचा और वर्षा होने लगी।

ग. जैसे ही वह पहुँचा, वैसे ही वर्षा होने लगी।

घ. वह पहुँचा इसलिए वर्षा होने लगी।

vii. 'चूहे ने मोटा कालीन काट डाला।' वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा–

क. चूहा आया और मोटा कालीन काट डाला।

ख. चूहे ने आकर मोटा कालीन काट डाला।

ग. जो मोटा कालीन था वह चूहे ने काट डाला।

घ उपर्युक्त में से कोई नहीं।

viii. 'वह रोज़ व्यायाम करता है, इसलिए स्वस्थ रहता है।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा–

क. रोज़ व्यायाम करने से वह स्वस्थ रहता है।

ख. क्योंकि वह व्यायाम करता है, इसलिए स्वस्थ रहता है।

ग. रोज व्यायाम करो और स्वस्थ रहो।

घ. यदि रोज व्यायाम करोगे तो स्वस्थ रहोगे।

**समास**

i. 'शरणागत' शब्द के सही समास–विग्रह का चयन कीजिए।

क. शरण में आया हुआ–तत्पुरूष समास
ख. शरण में लिया हुआ–तत्पुरूष समास

ग. आया है जो शरण में–तत्पुरूष समास    घ. गया है जो शरण में–तत्पुरूष समास

ii. 'देवमूर्ति' शब्द में समास है –

क. कर्मधारय समास    ख. तत्पुरूष समास

ग. द्वंद्व समास    घ. अव्ययीभाव समास

iii. तत्पुरूष समास में प्रधान पद किसे माना जाता है?

क. पूर्वपद को    ख. उत्तरपद को

ग. दोनों पदों को    घ. इनमें से कोई नहीं

iv. 'अल्पबुद्धि' शब्द में कौन–सा समास है?

क. बहुव्रीहि समास    ख. कर्मधारय समास

ग. द्वंद्व समास    घ. अव्ययीभाव समास

v. 'पीताम्बर' समस्तपद का विग्रह होगा –

क. पीला अम्बर    ख. पीला है जो अम्बर

ग. पीला और अम्बर    घ. अम्बर के लिए पीला

vi. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| i. | पराधीन | i. | तत्पुरुष समास |
| ii. | महात्मा | ii. | अव्ययीभाव समास |
| iii. | नीलकंठ | iii. | बहुव्रीहि समास |
| iv. | सज्जन | iv. | द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं –

क. i.और ii.    ख. i.और iii.

ग. ii.और iv.    घ. iii.और iv.

vii. 'यथाशक्ति' शब्द के लिए सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए–

क. यथा और शक्ति – द्वंद्व समास

ख. यथा की शक्ति – तत्पुरुष समास

ग. शक्ति के अनुसार – अव्ययीभाव समास

घ. यथार्थ शक्ति का धनी अर्थात् व्यक्ति विशेष– बहुव्रीहि समास

viii. 'तिरंगा' का समास विग्रह एवं भेद होगा–

क. तीन में रंगा–तत्पुरुष समास

ख. तीन रंग–द्विगु समास

ग. तीन रंगों के समान– कर्मधारय

घ. तीन रंगों वाला अर्थात् भारत का राष्ट्र ध्वज– बहुव्रीहि समास

**मुहावरे**

i. बिना धन के कोई व्यापार करना ................ है।

क. घर में उड़ना    ख. आकाश में उड़ना

ग. खुले मैदान में उड़ना    घ. पैरों से उड़ना

ii. बचपन से ही दिनेश और अजय का ............... है।

क. नमक–मिर्च लगाना    ख. मीन–मेख निकालना

ग. मिट्टी का माधो    घ. चोली–दामन का साथ

iii. रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?

'तू मित्र है या शत्रु? जहाँ भी जाता हूँ, वहीं मेरे सामने बाधा उत्पन्न कर देता है।'

क. मजा चखवाना  ख. दीवार खड़ी करना

ग. हावी होना  घ. राह न सूझना

iv. 'परेशानी देखकर घबरा जाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–

क. हाथ–पाँव फूल जाना  ख. प्राण ले लेना

ग. सिर फिरना  घ. ठंडा पड़ना

v. राजेश सदा ............. की तरह काम करता रहता है।

क. डेढ़ चावल की खिचड़ी  ख. तेली के बैल

ग. टेढ़ी खीर  घ. तीन–पाँच करना

vi. 'साँस थमना' का अर्थ है–

क. घबरा जाना  ख. मर जाना

ग. भाग जाना  घ. चुप हो जाना

vii. पुलिस ने रिश्वत लेकर मामले को......... दिया।

क. रफा–दफा कर  ख. अगर–मगर कर

ग. आकाश–पाताल एक कर  घ. टेढ़ी खीर कर

viii. अन्याय के विरुद्ध.......................... हमारा कर्तव्य है।

क. पापड़ बेलना  ख. सुध–बुध खोना

ग. आवाज उठाना  घ. काँटे बिछाना

**विज्ञापन लेखन**

i. अपनी पुरानी साईकिल की बिक्री हेतु 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

ii. विद्यालय की कार्यानुभव–प्रयोगशाला में बनी मोमबत्तियाँ तथा अन्य उपयोगी वस्तुओं की बिक्री हेतु लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।

iii. हिंदी की पुस्तकों की प्रदर्शनी में आधे मूल्य पर बिक रही महत्त्वपूर्ण पुस्तकों को खरीदकर लाभ उठाने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।

iv. नगर में होने वाले दशहरा मेला के अवसर पर स्वयंसेवी युवकों की आवश्यकता का एक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

v. एक कोचिंग संस्थान की ओर से लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

**लघुकथा लेखन**

i. ''लालच बुरी बला है'' उक्ति को आधार बनाकर 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए।

ii. ''करत–करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान'' प्रस्तुत कथन को आधार बनाकर 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

iii. 'बुद्धि का बल' विषय पर 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए।

iv. 'गया समय फिर नहीं आता' शीर्षक पर 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए।

**दिए गए विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

i. मन के हारे हार है, मन के जीते जीत

क. निराशा अभिशाप

ख. दृष्टिकोण परिवर्तन

ग. सकारात्मक सोच

ii. सत्संगति
   क. सत्संगति का अर्थ
   ख. सत्संगति का महत्व
   ग. कुसंगति से हानि
iii. भ्रष्टाचार
   क. भ्रष्टाचार का अर्थ
   ख. तेजी से फैलता भ्रष्टाचार
   ग. भ्रष्टाचार के रूप
   घ. कारण
   ङ. मिटाने के उपाय
iv. बालश्रम
   क. समाज के लिए अभिशाप
   ख. बच्चों का शोषण
   ग. कारण सरकारी प्रयास
   घ. हमारी जिम्मेदारी
v. देश पर पड़ता विदेशी प्रभाव
   क. हमारा देश और संस्कृति
   ख. विदेशी प्रभाव
   ग. परिणाम और सुझाव

**औपचारिक पत्र लेखन**

i. किसी महत्वपूर्ण पत्र के प्राप्त न होने की शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के पोस्ट मास्टर को 100 शब्दों में पत्र लिखिए।
ii. अपने क्षेत्र की नालियों तथा सड़कों आदि की समुचित सफाई न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को एक शिकायती पत्र 100 शब्दों में लिखिए।
iii. माननीय प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर अपने मन के किसी महत्त्वपूर्ण विचार का उल्लेख करते हुए उस पर 'मन की बात' के आगामी प्रसारण में चर्चा करने का 100 शब्दों में निवेदन कीजिए।
iv. 'स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत' अभियान का आपके आस–पड़ोस में क्या प्रभाव दिखाई देता है? उसकी अच्छाइयों और सीमाओं की चर्चा करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को 100 शब्दों में पत्र लिखिए।
v. बस में छूट गए सामान को आपके घर तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने वाले बस कंडक्टर की प्रशंसा करते हुए उसे पुरस्कृत करने के लिए परिवहन अध्यक्ष को 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**सूचना लेखन**

i. विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद–विवाद प्रतियोगिता के लिए हिंदी विभाग के संयोजक की ओर से 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।
ii. विद्यालय के सचिव की ओर से 'समय–प्रबंधन' विषय पर आयोजित होने वाली कार्यशाला के लिए 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।
iii. आपने अपना नाम अभिलाषा से बदलकर प्रांजल कर लिया है। अपने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को 60 शब्दों में इसकी सूचना दीजिए।
iv. अपनी बस्ती को स्वच्छ रखने हेतु कल्याण समिति के सचिव होने के नाते इससे संबंधित सूचना 60 शब्दों में लिखिए।

v. आप जिस सोसाइटी में रहते हैं, वहाँ रहने वाले बच्चों से 26 जनवरी 'गणतंत्र दिवस' पर किसी सांस्कृतिक गतिविधि में भाग लेने के लिए आग्रह करते हुए सांस्कृतिक अधिकारी की ओर से 60 शब्दों में सूचना लिखिए।

**ई–मेल लेखन**

i. बैंक से अपनी चैक बुक प्राप्त करने हेतु 100 शब्दों में ई–मेल लिखिए।

ii. समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करने के बाद भी अभी तक आपको अपना 'पहचान–पत्र' नहीं मिला है। इस समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को 100 शब्दों में ई–मेल लिखिए।

iii. आप बरेली क्षेत्र के निवासी हैं। अपने क्षेत्र में पेड़ों के अनियंत्रित कटान को रोकने के लिए जिलाधिकारी को 100 शब्दों में ई–मेल लिखिए।

iv. नव प्रकाशित पुस्तकें मँगवाने के लिए नेशनल बुक ट्रस्ट को 100 शब्दों में ई–मेल लिखिए।

v. पाठ्यक्रम का बोझ कम करने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष को 100 शब्दों में ई–मेल लिखिए।